हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# नीट री-एग्जाम की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल, केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 21 जून को आयोजित होने जा रही नीट यूजी की दोबारा परीक्षा को लेकर शहर में प्रशासनिक और संस्थागत तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और बिना किसी तकनीकी गड़बड़ी के संपन्न कराने के लिए आज जिले के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर एक व्यापक देशव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल के माध्यम से जमीनी स्तर की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा गया, ताकि कल परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश न रहे।

## जिले में 1982 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी केंद्रों में एंट्री

### डेढ़ बजे तक ही प्रवेश

परीक्षा के दिन केंद्र में प्रवेश करने के लिए सभी 1982 छात्रों को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे के बीच अपने आवंटित केंद्रों पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा, क्योंकि ठीक दोपहर डेढ़ बजे केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थियों को अपने साथ प्रिंटेड एडमिट कार्ड, मूल फोटो पहचान पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाने की हिदायत दी गई है।




### जांच-पड़ताल के बाद मिलेगी एंट्री

जो छात्र धार्मिक या पारंपरिक पोशाक अथवा पूरी आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आएंगे, उन्हें गहन तलाशी प्रक्रिया से गुजरना होगा, इसलिए उन्हें समय से पहले केंद्र पहुंचने का सुझाव दिया गया है। परीक्षा कक्षों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, वॉलेट, गहने और किसी भी तरह की धातु की चीजें ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि छात्रों को पारदर्शी पानी की बोतल और दीवार घड़ी की सुविधा हर कमरे में मिलेगी। जबकि मधुमेह से पीड़ित उम्मीदवारों को चीनी की गोलियां या फल ले जाने की विशेष छूट दी गई है।

### केंद्र में रहेगी व्यवस्था

शहर में इस बार नीट री-एग्जाम के लिए कुल छह केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 1982 बच्चे परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने शहर के भीतर यातायात और केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। परीक्षा के दौरान उमस और गर्मी से राहत देने के लिए सभी केंद्रों पर पावर कट की स्थिति से निपटने के लिए जनरेटर बैकअप तैयार रखा गया है।

ज्ञात हो कि इस बार राजनांदगांव में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1982 परीक्षार्थी शामिल होकर अपनी किस्मत आजमाएंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए इस बार सुरक्षा और जांच के बेहद कड़े नियम लागू किए जा रहे हैं। सभी छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों की अनिवार्य तलाशी ली जाएगी। जिसके लिए हाई सेंसिटिविटी मेटल डिटेक्टर का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक उम्मीदवार का आधार बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जाएगा। यदि किसी छात्र की फिंगरप्रिंट क्वालिटी खराब होने के कारण बायोमेट्रिक मिलान नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में उनकी मैनुअल पहचान की जाएगी और उनसे एक अंडरटेकिंग यानी स्व-घोषणा पत्र भरवाया जाएगा।

### संचालक था मुस्कान का बायफ्रेंड, पहले शराब पिलाई फिर किया दुष्कर्म, रिसोर्ट सील

# मुस्कान की मौत मामले में संचालक सहित 3 पर एफआईआर, रेप-मारपीट की धाराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मनगटा के वुड विसलिंग रिसोर्ट में भिलाई की रहने वाली युवती मुस्कान तिवारी की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते रिसोर्ट संचालक सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बताया गया कि आरोपियों में से एक मुस्कान का बॉयफ्रेंड भी था, इन तीनों के खिलाफ रेप-हत्या जैसी धाराओं के तहत एफआईआर हुई है।

उल्लेखनीय है कि 18 जून की सुबह सात बजे भिलाई निवासी 24 वर्षीय युवती को अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान मुस्कान तिवारी के रूप में हुई। इस मामले के सामने आने के बाद राजनांदगांव सहित दुर्ग दोनों ही जिले में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले की सघन जांच में जुटी हुई थी। प्राथमिक जांच और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। इस मामले में पुलिस रिसोर्ट प्रबंधन और वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि घटना की कड़ियों को पूरी तरह से जोड़ा जा सके।




### दो राजनांदगांव, एक आरोपी दुर्ग का

आरोपियों में आशुतोष हिरवानी उर्फ आशु 26 वर्ष, निवासी बुचीभरदा, पोस्ट सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव, छत्रपाल उर्फ बल्लू देशमुख 25 वर्ष, निवासी ग्राम टेड़ेसरा गुड़ीपारा जिला राजनांदगांव, घनश्याम बेलचंदन 25 वर्ष, निवासी ग्राम निकुम बाजारपारा, जिला दुर्ग शामिल है।

### इन धाराओं के तहत एफआईआर

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ धारा-64, धारा-115 (दो) और धारा-35 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शुरूआती साक्ष्यों और गवाहों के बयानों को दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है। इसके साथ ही मृतिका की सहेली का बयान भी पूरे घटनाक्रम में बेहद अहम माना जा रहा है। जिससे पुलिस को घटना की रात की असल हकीकत जानने में मदद मिल रही है।

### संचालक से थी पहले से पहचान

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आशुतोष उर्फ आशु हिरवानी शामिल है, जो कि घटनास्थल वाले रिसॉर्ट वुड विसलिंग का रेंट पर लेकर संचालन कर रहा था। इसके अलावा दो अन्य आरोपी घनश्याम बेलचंदन और छत्रपाल आपस में भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आशुतोष के कहने पर ही दोनों भाई इस पार्टी की योजना में शामिल हुए थे और दोनों ही युवती को भिलाई से अपने साथ लेकर आए थे।

### घटनास्थल की हुई जांच

इस पूरे मामले में पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने भी रिसोर्ट के उस कमरे और आसपास के परिसर से महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए हैं, जहां युवती रूकी हुई थी। स्थानीय पुलिस टीम मामले के हर एक पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पूरी तरह से खुलासा हो जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के शरीर पर कुछ निशान भी मिले थे। यह भी बताया गया था कि शव से अंतर्वस्त्र भी गायब थे। दूसरी ओर पोस्टमार्टम के बाद चिकित्सकों ने विसरा जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा है।

### घटना को लेकर सामने आई यह कहानी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना वाले दिन मुस्कान तिवारी का बॉयफ्रेंड आशुतोष अपने दोनों अन्य दोस्तों के साथ मनगटा रिसोर्ट में ही था। वहां से उसने मुस्कान को फोन किया लेकिन बात नहीं हो पाई, जिसके बाद उसने उसकी सहेली को फोन कर साथ में रायपुर चलने को कहा। मुस्कान और उसकी सहेली आशुतोष के दो दोस्तों के साथ एक कार में ही रायपुर के लिए निकले। रास्ते भर शराब पीने के बाद वे रायपुर के एक क्लब गए, जहां पार्टी करने के बाद रात लगभग पौने एक बजे वापस निकले। मुस्कान व उसकी सहेली को घर छोड़ने की जगह वे उसको लेकर मनगटा स्थित रिसोर्ट ले आए। यहां मुस्कान के साथ आशुतोष ने शारीरिक संबंध भी बनाए। जिसके बाद मुस्कान बाथरुम गई, उसके दस मिनट तक बाहर नहीं आने पर जब सहेली ने अंदर जाकर देखा को वह जमीन पर पड़ी हुई थी। जिसके बाद उसे सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# पिता-पुत्र के साथ मारपीट फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मारपीट एवं जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी युवराज साहू 38 वर्ष निवासी अटल आवास पेण्ड्री द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 17 मई की रात्रि लगभग 8.45 बजे वह अपने पिता को छोड़कर घर के पास मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के विजय नेताम, दीपक उर्फ टिकली नेताम एवं जय उर्फ जया नेताम वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आए उसके पिता के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई।

मारपीट के दौरान आरोपी विजय नेताम ने टंगिया, फरसा से प्रार्थी के पिता गिरधारी साहू के सिर पर प्राणघातक हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाया। घायल को तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**तीसरा आरोपी पकड़ा गया**

प्रकरण का तीसरा आरोपी जय उर्फ जया नेताम घटना के बाद से फरार था। थाना लालबाग पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी एवं मुखबीर सूचना के आधार पर 20 जून को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले में कुल तीन गिरफ्तार हुए है।

### दो आरोपी पूर्व में गिरफ्तार

जिसमें लालबाग पुलिस द्वारा तत्काल आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान दिनांक को प्रकरण के दो आरोपी दीपक उर्फ टिकली नेताम एवं विजय नेताम को 18 मई को पतासाजी कर घटना में प्रयुक्त फरसा, टंगिया बरामद कर जब्ती कार्रवाई उपरांत गिरफ्तार कर दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

# एनआरआई महिला के घर में घुसकर कब्जा, दो के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सृष्टि कॉलोनी स्थित एक मकान में अवैध रूप से कब्जा करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बताया गया कि एनआरआई बुजुर्ग महिला मकान में अवैध कब्जा को हटवाने के लिए पुलिस प्रशासन के पास पहुंची थी। जिसकी शिकायत के आधार पर यह एक्शन लिया गया है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वैशाली नगर की रहने वाली रीता ठाकुर ने थाना बसंतपुर में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने साल 2003 में कमला कॉलेज के पास एक जमीन खरीदी थी और उस पर मकान का निर्माण कराया था। साल 2006 में वह अमेरिका चली गई थी और जाते समय अपने घर पर ताला लगा दिया था, जब वह हाल ही में भारत वापस लौटी तो उन्हें पता चला कि ध्रुव वैष्णव नामक व्यक्ति ने उनके मकान का फर्जी किरायानामा तैयार कर उसे अपने एक रिश्तेदार आलोक वैष्णव को किराये पर दे दिया है। इस मामले की शिकायत जब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से की गई, तो पुलिस ने किरायेदार आलोक वैष्णव को थाना बुलाकर पूछताछ की। इसके बाद आलोक वैष्णव ने मकान खाली कर पीड़िता को सौंपने की सहमति दी और 17 जून 2026 की रात को पीड़िता ने अपने मकान में ताला लगा दिया, लेकिन अगले ही दिन सुबह जब वह वहां पहुंची, तो मकान का ताला गायब था।

### रात में तोड़ा ताला

आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि ध्रुव वैष्णव और उनकी पत्नी नीलिमा वैष्णव ने रात के समय ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर लिया है, जब पीड़िता ने उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए कहा तो ध्रुव वैष्णव ने खुद को पूर्व पुलिसकर्मी बताते उनके साथ धक्का-मुक्की की और गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी। बसंतपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि मामले में कई शिकायतें हुई थी।

# पांच लीटर महुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को पकड़ा। जिससे पांच लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।



जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गातापार जंगल निवासी महिला अपने घर के सामने हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखी हुई है। आरोपी से शराब रखने एवं बिक्री संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### झिल्ली में रखा था शराब

सूचना पर थाना गातापार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड की गई। मौके पर एक महिला मिली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक काले रंग के गमछे में रखे 5 पैकेट झिल्ली में भरी हुई कुल 5 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 1,000 रुपए आंकी गई।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम.................................2. पिता/पति.................................
3. जन्म तिथि अंकों में..................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..................पोस्ट..................तहसील..................
..................जिला..................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1..................मो. नं. 2..................वाट्सअप नं..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989


### दिव्यांग कोच में अवैध तरीके से सफर करने वालों पर भी एक्शन

# स्टेशन के नो पार्किंग में खड़े 9 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन में नो-पार्किंग पर वाहन खड़े करने वालों के साथ ही दिव्यांग कोच में अवैध रूप से सफर करने वालों पर एक्शन लिया गया है। रेलवे स्टेशन पुलिस ने दोनों ही मामलों में कुल 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर चेतन दिलीप राव जिचकर के दिशा-निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक श्रीमती तरूणा साहू के नेतृत्व में एक विशेष चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्टेशन परिसर के नो-पार्किंग क्षेत्रों में बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले वाहनों पर लगाम लगाना और स्टेशन की व्यवस्था को दुरूस्त करना था। उप निरीक्षक आर. प्रसाद और रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिससे स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। इस विशेष अभियान के दौरान आरपीएफ की टीम ने स्टेशन परिसर के नो-पार्किंग क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई ऐसे वाहन पाए गए, जो प्रतिबंधित क्षेत्रों में खड़े होकर यातायात को बाधित कर रहे थे। सुरक्षा बल ने तत्परता दिखाते नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वाले कुल नौ वाहन चालकों को पकड़ा। इन सभी चालकों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 159 के तहत विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की गई। आरपीएफ की इस सख्त कार्रवाई से उन वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, जो अक्सर नियमों की अनदेखी कर कहीं भी अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं।



### निर्धारित स्थान में रखें वाहन

आरपीएफ प्रभारी ने कहा कि सभी नागरिक स्टेशन परिसर में निर्धारित नियमों का पालन करें। लोग अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें, ताकि किसी अन्य यात्री को परेशानी न हो।

### ट्रेन के भीतर भी जांच पड़ताल

वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ आरपीएफ की टीम ने ट्रेनों के भीतर भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दिव्यांग यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए दिव्यांग कोचों की विशेष रूप से जांच की। जांच के दौरान दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे दो सामान्य यात्रियों को पकड़ा गया। नियमों का उल्लंघन कर दूसरों की सीटों पर कब्जा करने वाले इन दोनों यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 155 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की गई। आरपीएफ ने स्पष्ट किया कि दिव्यांगों की सुविधा और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य केन्द्र को दिया ऑक्सीजन सिलेंडर

**साल्हेवारा।** व्यापारी स्व गोविंदलाल अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र संदीप अग्रवाल एवं पौत्र आभास अग्रवाल ने



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साल्हेवारा को 2 ऑक्सीजन सिलेंडर दिया है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश वर्मा ने अग्रवाल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में समाज की सहभागिता सकारात्मक सामाजिक चेतना का प्रतीक है। जिला स्वास्थ्य समिति ने भी संदीप अग्रवाल एवं आभास अग्रवाल के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए कृतज्ञता व्यक्त किया है।

### पंचायतों में ग्रामसभा 24 को

**छुरिया।** पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड की सभी ग्रामपंचायतों में 24 जून को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चिन्हित परिवारों की सूची का वाचन किया जाएगा। ग्रामसभा में पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन किया जाएगा। सत्यापन एवं ग्रामसभा अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र परिवारों की सूची शासन को प्रेषित की जाएगी।

### गरीबों को आवास योजना से जोड़ने की मांग

**डोंगरगढ़।** आवास योजना से गरीब तबके के लोगों को जोड़ने के लिए 15



अगस्त तक सर्वे करने और हितग्राहियों का चयन करने के निर्णय का नगर पालिका उपाध्यक्ष रामकृष्ण कनौजिया ने स्वागत करते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि इस योजना अंतर्गत 2017 से जिनके घरो में बिजली लगी है को बिल के अधार पर जोड़ा जा रहा है उसी प्रकार जिनके पास कुछ नहीं है और वह किराये के मकान में रहते है का सर्वे कर योजना का लाभ दिया जाए।

### सरकारी स्कूलों में फीस लेना गलत

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में वार्षिक शुल्क लेने के निर्णय की आलोचना करते हुए



इसे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराना था। लेकिन भाजपा सरकार ने शुल्क का बोझ डालकर शिक्षा के अवसरों को सीमित कर दिया है। आर्थिक संकट से जूझ रहे गरीबों पर पढ़ाई का शुल्क थोपना संवेदनहीन निर्णय है। सरकार को शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में फीस लगाने के निर्णय को वापस लेने की मांग सरकार से की है।

### खुलेआम अवैध शराब का परिवहन

**खड़गांव।** खडगांव सरकारी शराब दुकान से खुलेआम अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकान से मोहला और दल्लीराजहरा क्षेत्र के लोगों द्वारा देशी शराब खरीदकर अपने क्षेत्र में बेच रहे है। बताया जाता है कि शराब दुकान के कर्मी प्रति पेटी 300 रूपए अतिरिक्त लेकर भरपूर मात्रा में कोचियों को शराब मुहैया करा रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि कोचियों को आबकारी और पुलिस विभाग का संरक्षण हासिल है। उल्लेखनीय है कि मोहला और दल्लीराजहरा की दूरी खडगांव से लगभग 25 किलोमीटर है किन्तु अब तक कोई भी कोचियों पकड़ में नहीं आया है। पुलिस इस बात की जानकारी होने से इंकार कर रहा है कि कोचिया सरकारी शराब दुकान से शराब खरीद कर बेच रहे हैं। लोगों ने बताया कि शराब कोचियों द्वारा दावा किया जाता है कि उनकी सेटिंग ऊपर लेबल तक है। खडगांव में शराब दुकान खुलने के बाद दुर्घटनाएं बढ़ते जा रही है साथ ही गांव का वातावरण खराब होने लगा है।

### किसान मोर्चा ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** भाजपा शहर मंडल किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में



सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में चौथना के पूर्व सरपंच कन्हैयालाल वर्मा की माता का विशेष सम्मान किया गया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कृषि कार्यों को समर्पित करते हुए कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी क्रम में धरम साहू, स्मिता यादव, पूर्व ग्राम सेवक विजयवार, प्रकाश धानुकर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार डडसेना, अजय शर्मा, बीरबल साहू, ममता बहेकर, मंजीत ठाकुर, शेखर विश्वकर्मा, सतीश यादव, सुधा श्रीवास्तव, पुष्पकुमार यादव, युवराज तेलकर, रामाश्रय ठाकुर, नितिन वर्मा, मुकेश धानुकर, नरेश बहेकर, कन्हैया वर्मा आदि शामिल हुए।

## निधन



### कामता प्रसाद साहू

**अर्जुनी।** सुखरी निवासी एवं सेवानिवृत्त नलकूप ऑपरेटर कामता प्रसाद साहू का 18 जून को निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। स्व साहू अपने पीछे पत्नी, चार पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर परिजनों, रिश्तेदारों ने शोक व्यक्त किया है।

# रोग ने जकड़ा, योग ने कराया मुक्त, दवा से भी छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सांसो की समस्या होने के बाद सुनीता ने सांसों से रिश्ता जोड़ा तो सांसों को नया जीवन मिलने के साथ वह रोग मुक्त हो गई है। अब उसे कोई भी दवा खाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

कल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके लोग रोग मुक्त होने के योगाभ्यास करेंगे। योग करने वालों में कई ऐसे भी शामिल होंगे जिन्होंने योग का अभिन्न हिस्सा बनाया और उन्होंने उसके लाभ को करीब से महसूस किया है। यह लोग रोग मुक्त होकर वर्तमान में सामान्य जीवन यापन कर रहे है। नगर के मटिया वार्ड की 55 वर्षीय सुनीता बघेल बताती हैं कि उन्हें कुछ साल पहले अस्थमा की शिकायत हो गई थी। खांसी होने और नाक बजने के कारण वह रात सो नहीं पाती थी। सांस लेने में परेशानी होने पर ऑक्सीजन भी लेना पड़ता था। उन्होंने परेशान होकर राजनांदगांव के बाद नागपुर में करीब दो साल तक उपचार कराया। उपचार से लाभ तो मिला किंतु स्थाई फायदा होते नहीं दिख रहा था।

अलग खबर

## योग को जीवन का हिस्सा बनाने से स्थाई लाभ

### ऐसे हुआ योग से जुड़ाव

सुनीता बताती है कि पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी उनकी बहुओं को योग से जोड़ने आए थे। घरेलू व्यस्तता के चलते बहुओं ने जुड़ने से इनकार करते हुए उन्हें योग करने प्रेरित किया। सुनीता ने सामुदायिक भवन में जाकर योगाभ्यास करना शुरू किया। कुछ दिनों बाद असर दिखना शुरू हुआ तो वह जुड़ते गई और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया। उन्होंने प्रतिदिन अलोम विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम किया। नियमित योग करने से रोग तो कंट्रोल हुआ साथ ही वजन भी कम हुआ।

### सभी करें योग

अपने अनुभव शेयर करते हुए सुनीता ने कहा कि वह दावे के साथ कह सकती है कि योग का नियमित अभ्यास किया जाए तो रोग मुक्त हुआ जा सकता है। यह एक ऐसी रक्रिया है जिसमें लाभ भले ही कुछ विलंब से मिलता है किन्तु किसी प्रकार के रासायनिक या कृत्रिम चीज का उपयोग नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए सभी नियमिति योग करना चाहिए।

### दवा से मिला छुटकारा



सुनीता बताती है कि उपचार के दौरान डाक्टरों की सलाह पर नियमित दवा का सेवन करना पड़ता था। योग करने के बाद धीरे-धीरे स्वास्थ्य होते गई और अब उन्हें किसी प्रकार की दवाई का सेवन नहीं करना पड़ता है।

## जहरीले कचरे से खेतों और जनजीवन पर मंडराया खतरा

# नहर बनी कचरा डंपिंग यार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई से राजनांदगांव मार्ग पर चौराहे पर स्थित नहर में व्याप्त कचरे ने किसानों के माथे पर बल ला दिया है। इस नहर में मुर्गियों के अवशेष और पंख फेंका जा रहा है जो बारिश होने पर पानी के साथ बहकर खेतों में जाकर उर्वरकता को कम करेंगे। लगातार बारिश होने पर बदबू भी फैलने की आशंका है, जिससे किसान और राहगिरों को परेशानी हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि नगर के निकट से गुजरने वाली नहरें कचरा डंपिंग यार्ड में भी तब्दील हो रही हैं। समय रहते नहरों की सफाई नहीं की गई, तो आगामी दिनों यह स्थिति न केवल किसानों के खेतों को बर्बाद करेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में किसी बड़ी बीमारी को न्योता दे सकती है।



### कचरा घर बनी नहर

भरभड़ी जंगल से निकलकर हनईबन और आसपास गांवों के खेतों तक पानी पहुँचाने वाली पैलीमेटा बांध की नहर का अस्तित्व खतरे में है। वर्तमान में यह नहर गंदगी का पर्याय बन चुकी है। नहर के भीतर और किनारों पर चिकन वेस्ट और मांस-मदिरा के अवशेषों का अंबार लगा है। जानकारों का कहना है कि मुर्गी के पंखों का अपघटन अत्यंत धीमा होता है और यह वर्षों तक मिट्टी की उर्वरक क्षमता को नष्ट करने के साथ ही जहरीले रसायनों का स्राव करते हैं। इसके अलावा मदिरा प्रेमियों ने नहर के किनारों को शराबखोरी का अड्डा बना लिया है, जहाँ बिखरी कांच की बोतलें, डिस्पोजल और प्लास्टिक कचरा नहर से होकर खेतो में जा सकता है।

### खेतों में पहुंचेगा जहरीला पानी

जैसे-जैसे बारिश का दौर तेज होगा, नहर में जमा यह सारा जहरीला कचरा बहकर किसानों के खेतों तक पहुंचेगा। नष्ट नहीं होने वाला कचरा और दूषित जल न केवल फसल को प्रभावित करेगा, बल्कि मिट्टी की प्राकृतिक संरचना को भी जहरीला बना देगा। दूषित पानी से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका ने किसानों सहित अन्य की चिंता बढ़ा दी है।

### कार्रवाई किया जाएगा

सहायक अभियंता केतन साहू ने स्पष्ट किया है कि नहर क्षेत्र में कचरा फेंकना प्रतिबंधित है। नहर में कचरा फेंकने पर कार्रवाई को लेकर विभाग सख्त है। जो भी लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया जाएगा।

# अस्पताल भवन का स्थान बदलने का लगा आरोप

- गांव के बाहर अस्पताल बनने से होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोरतलाव में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पहले जिस स्थान का सर्वसम्मति से चयन किया गया था, उसे बदलकर गांव से दूर निजी भूमि के समीप स्थापित करने की तैयारी है, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि अस्पताल का निर्माण आसान पहुंच वाले स्थान पर होना चाहिए, ताकि मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि गांव के बीच में 7 एकड़ शासकीय भूमि है जो अस्पताल के उपयुक्त है। ग्रामीणों ने पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र के लिए चिन्हित किया था। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर अस्पताल बनने से 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

गांव से बाहर निर्माण का विरोध

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल निर्माण के लिए जिस भूमि का चयन किया जा रहा है, वह काफी दूर और सूनसान क्षेत्र में स्थित है।

क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि रात को मरीजों, गर्भवती महिलाओं को वहां तक पहुंचने में कठिनाई होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल भवन का स्थान परिवर्तन कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा से किया जा रहा है। प्रशासन से ग्रामीणों ने जांच कर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने पूर्व में चिन्हित शासकीय भूमि पर भवन निर्माण कराने की मांग की है।

# रानी लक्ष्मीबाई की शहादत को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की शहादत दिवस के अवसर पर बम्हनी चारभांटा में श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की।

कार्यक्रम में जिपं सभापति बिरम मंडावी, जनपद सदस्य उभयराम मंडावी, राजेश्वर धुर्वे, मयाराम साहू, भुखन धनकर, मीना धुर्वे, यादवदास वैष्णव, भारत मंडावी, धर्मेन्द्र साहू, तोरणदास वैष्णव, देवासुराम कुंजाम, आधारसिंह कुंजाम, रामचंद साहू, धुरूराम सेना, शिवलाल कोसमा शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ऐसी महान विभूति हैं जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि देशभक्ति, आत्मसम्मान और साहस के सामने कोई भी शक्ति टिक नहीं सकती। अध्यक्षता कर रहे श्री सिन्हा ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारत की शान और स्वाभिमान की प्रतीक थीं।

# स्वागत के साथ बच्चों का स्कूल में दाखिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 6 वीं में आए बच्चों का स्वागत 7 वीं एवं 8 वीं के बच्चों एवं शिक्षकों ने रंगोली सजाकर किया। प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, महापुरुषों की जीवनी का वाचन किया गया। तत्पश्चात बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। शाला में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच कविता धुर्वे, संकुल समन्वयक अमृतदास साहू, शाला समिति अध्यक्ष विष्णु साहू, प्रधानपाठक उषा किरण शाह, चुरामन साहू, वासुदेव, परदेशनींन साहू, रुखमणी कंडरा, टॉमिन यादव, धर्मेश धुर्वे, गंगेश गर्ग, धर्मेन्द्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### बच्चों का कराया गया मुंह मीठा

**बांधा बाजार।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने बच्चों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। श्री मेश्राम ने कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने कहा। इस मौके पर विद्यार्थियों को विद्या आनंद, हिंदी अभ्यास पुस्तिका, इंग्लिश वर्कबुक सहित अन्य पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक दुबे, उमेंद्र धुर्वे, रामबाई, फूलबाई, दीपिका, सरिता विश्वकर्मा शामिल हुई। इसी क्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोशीलमती में प्रवेश उत्सव मनाया गया। आयोजन में सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्जनलाल चन्द्रवंशी, अर्जुनसिंह, अश्वनी सिन्हा, पुलेन्द्र सिन्हा, गुमानसिंह, दुर्गाबाई, सुशीलाबाई, भुनेश्वरी, हेमंनबाई, कमला चन्द्रवंशी, धनेश्वरी, तिलोकाबाई, बिसोबाई, जामुबाई, प्रभारी प्रधान पाठक आनंद चंद्रवंशी, राजीव टेमरे, शैलैन्द्र शर्मा, कीरत गणवीर, सुधा गजभिये, साधना रामटेके, डिलेश्वरी पिथौरा, गिरजानंद सिन्हा आदि शामिल हुए।



# ब्लॉक में मनाया गया स्वच्छता सप्ताह



**छुईखदान।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत छुईखदान की सभी 107 ग्राम पंचायतों में साप्ताहिक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुईखदान केश्वरी देवांगन की विशेष पहल पर जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत पंडरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद की टीम के साथ सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शीघ्र पूर्ण करें निर्माण

ग्राम पंचायत पंडरिया में आयोजित स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पदाधिकारियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को नियमित कचरा संग्रहण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण भी किया गया तथा हितग्राहियों को आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ग्राही समूहों को घर-घर कचरा संग्रहण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु ट्राइसाइकिल भी प्रदान की गई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा समूह की महिलाओं को नियमित कचरा संग्रहण, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण तथा स्वच्छता प्रबंधन की जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# साहू समाज के पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर ने जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू थे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के निवर्तमान अध्यक्ष भागवत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि नीलमणी साहू, देवलाल साहू, डॉ. महेश साहू, तुलदास साहू, कामता साहू, मिलाप दास साहू तथा अंकालू साहू थे।



समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने कहा कि समाज की मजबूती सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग से सहयोग एवं सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित एवं जागरूक समाज ही प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सकता है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि नई टीम उर्जा और अनुभव के समन्वय से समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि नोबल साहू का नेतृत्व समाज को अधिक संगठित बनाएगा।

### शिक्षा और सुविधा विकास प्राथमिकता

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नोबल साहू ने कहा कि समाजजनों के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद के कारण उन्हें यह दायित्व मिला है। उन्होंने कहा कि समाज के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जाएंगे तथा बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए छात्रावास जैसी सुविधाओं की दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा की शिक्षा बाधित नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष अंजू साहू, संगठन सचिव देवानंद साहू, संगठन सचिव इंदु साहू तथा महामंत्री नीलमणी साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन मनोज साहू एवं अंत में आभार प्रदर्शन परमानंद साहू ने किया।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




योग अपने असंख्य लाभों की वजह से आज दुनियाभर में लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में योग का बहुत अधिक महत्व है। प्राचीन काल से ही योग हमारी जीवनशैली के अंग के रूप में समाहित है। आज योग अपने अनेकोंनेक लाभ की वजह से सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। योग हमें बैठने का तरीका, प्राणायाम और ध्यान संयुक्त रूप से सिखाता है। नियमित रूप से अभ्यास करने वालों को इसके असंख्य लाभ मिलते हैं। स्वास्थ में लाभ, मानसिक शक्ति, शारीरिक शक्ति और शरीर का शुद्ध होना जैसे कई लाभ हमें योग से मिलते हैं। योग प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जो हमें हमारी भारतीय परम्परा से विरासत में मिला है। योग न केवल एक अमूल्य धरोहर है, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए एक अनमोल उपहार भी है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। यह केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवनशैली को आनंदमय बनाने की कला है। प्राचीन काल से ही हमारे ऋषि मुनि योगिक जीवन का अनुसरण करते आ रहे हैं। योग ने पिछले कुछ दशकों में हमारे दैनिक जीवन में अपना विशेष स्थान बना लिया है।

## ये है योगासन का सही क्रम

आज के समय में बहुत सारे लोग योग कर रहे हैं, लेकिन योग के अभ्यास से उन्हें इंजरी हो रही है। क्योंकि बहुत सारे लोगों को योग का सही क्रम यानी कि आसनों का सही क्रम नहीं पता है और वह शुरुआत में बिना कर्म को जाने हुए योग के अभ्यास को करते हैं जिससे कि कई लोगों की नसों में या फिर मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है। यदि हम नियमित रूप से आसनों को सही क्रम में करें तो इंजरी होने की संभावनाएं नहीं रहती है और साथ ही शरीर की लचक (फ्लैक्सिबिलिटी) जल्दी से बढ़ती है, लेकिन लोग शरीर की लचक को जल्दी बढ़ाने के चक्कर में शुरुआत से ही एडवांस करने का प्रयास करने लगते हैं इसलिए योगासनों के सही क्रम को जानना बहुत आवश्यक है योगासनों में कई तरह से किए जाने वाले आसन हैं जैसे कि -

**■ पवनमुक्तासन समूह सूक्ष्म आसन ■ सूर्य नमस्कार ■ खड़े होकर किए जाने वाले आसन ■ बैठकर किए जाने वाले आसन ■ घुटनों के बल किए जाने वाले आसन ■ पेट के बल लेट कर किए जाने वाले आसन ■ पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन ■ सिर के बल किए जाने वाले आसन ■ गत्यात्मक आसन ■ कठिन आसन ■ प्राणायाम**





























## सार समाचार

### जिले के पंचायतों में 24 को ग्रामसभा का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार राज्य में ग्रामीण प्रगति और पारदर्शिता को बढ़ावा देने 24 जून को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे अंतर्गत चिन्हित परिवारों की सूची का वाचन किया जाएगा तथा ग्रामसभा के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की सूची का अंतिम अनुमोदन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सूची का प्रदर्शन कर ग्रामीणों के समक्ष उसका वाचन किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की जाएगी। आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची के अलावा ग्रामसभा में नए परिवारों के नाम जोड़ने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### पेंडरी में 29 को प्राकट्य महोत्सव

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में इस वर्ष भी वृहद स्तर पर चातुर्मास आयोजन समिति एवं सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से समस्त संत महंत भक्त हंसजनों के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह आगामी 29 जून को रखा गया है। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब जी ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। साथ ही एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के आश्रमाधिगादिपति वयोवृद्ध महंत श्री सेवादास साहेब के सानिध्य में होगा। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

### कांकेतरा स्कूल का एनएमएमएसई परीक्षा में प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप) परीक्षा 2026 में कांकेतरा के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिससे कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह एक हजार रुपए स्कॉलरशिप मिलेगी। इस प्रकार



एक वर्ष में 48 हजार रुपए प्राप्त होगी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांकेतरा के 7 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप एनएमएमएसई परीक्षा सन 2025-26 के लिए चयन हुआ है। इ

स्कूल प्रशासन ने बताया चयनित विद्यार्थियों में लक्की देवांगन, नितिन कुमार साहू, वैशाली हिरवानी, किंजल धनकर, सेजल धनकर, ललिता निषाद एवं वासु कुमार जांगड़े शामिल है। एक साथ राजनांदगांव जिले के कांकेतरा स्कूल के 7 विद्यार्थियों के चयन से स्कूल एवं पालकों में उत्साह का माहौल है । विगत चार वर्षों से इस संस्था से एनएमएमएसई परीक्षा एवं प्रयास परीक्षा में चयन हो रहा है। प्रधान पाठक भूपेश कुमार जंघेल ने इस उपलब्धि पर स्टॉफ और अभिभावकों को बधाई दी। इस परीक्षा की तैयारी में शिक्षिका ज्योति यादव, ममता द्विवेदी, चनेश्वरी वर्मा एवं सेवन्त कुमार साहू के लगातार मेहनत, लगन और कुशल मार्गदर्शन देकर अहम भूमिका निभाई।

### गंजपारा स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल इग्नाइट गंजपारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया नोडल अधिकारी एवं संकुल



समन्वयक की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के पदेन संयोजक व वार्ड पार्षद रवि सिन्हा, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) अध्यक्ष गिरधर लाल, शाला प्रधान राबिया शादाब सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।
लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों के नामों की घोषणा निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई। अभिभावकों ने प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की सराहना की। विद्यालय परिवार के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### महापौर के प्रयासो से मुक्तिधाम में होगा वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव के प्रयासों से अब स्थानीय मोतीपुर मुक्तिधाम में वृक्षारोपण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ के एक प्रतिनिधि मंडल ने महापौर मधुसूदन से उनके मोतीपुर स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक एलडी बडोनिया, अध्यक्ष डीएस ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसआर हनोते, उपाध्यक्ष संगठन पीएल सुलाखे, कोषाध्यक्ष केके दास, सचिव डीके पाण्डेय, सचिव संगठन आरसी ईग्ले, कार्यकारिणी सदस्य एसके झा, पीएल बिसेन, आरके जयसवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य केपी सिंह, बीके गजबे, जीआर देवांगन, एस.दत्ता, जीएन रामटेके, जीआर देवांगन, एनके साहू, आरके गजभिये उपस्थित रहे।
प्रतिनिधि मंडल ने महापौर को अवगत कराया कि उनकी टीम पर्यावरण संरक्षण की भावना से प्रेरित होकर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण कार्य करने तत्पर हैं। महापौर ने प्रतिनिधि मंडल सराहना करते उनके इस पहल को अनुकरणीय बताया। उन्होंने फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ को अपने गृह वार्ड मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में ही वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ करने अनुमति देते प्रोत्साहित किया।

### मूलचंद बने एमएमसी जिले के प्रभारी



**राजनांदगांव।** भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के सहमति से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं मोर्चा प्रभारी प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आलोकचंद्र ठाकुर द्वारा किसान मोर्चा जिला प्रभारी/सहप्रभारी की घोषणा की गई है।
इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले के समर्पित कार्यकर्ता मूलचंद लोधी को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रदेश किसान मोर्चा द्वारा जारी नियुक्ति के अनुसार मूलचंद लोधी को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### आज सामान्य सभा की बैठक

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं. क्र. 1282 के उपसमिति राजनांदगांव की सामान्य सभा की बैठक कल 21 जून को दोपहर 2 बजे नाहंदा केन्द्रीय निर्णायक सदस्य लालेन्द्र सिंह के निवास में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय करेंगे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### स्टेडियम में आज योग दिवस पर आयोजन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते सुबह 7 से 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास के पश्चात अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी के कलाकार द्वारा विशेष मल्लखंब योग प्रदर्शन एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

## यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव किए साझा

# असफलता मिले तो उसे चुनौती मान कर जीत की तैयारी करें और आगे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जिला प्रशासन द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित संघ लोक सेवा आयोग 2025 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता एवं संभावनाओं को सही दिशा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यूपीएससी 2025 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा मार्गदर्शन कार्यक्रम का अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया।

विधाअध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, सोच एवं धैर्य की आवश्यकता होती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि अपने अध्ययन कक्ष की दीवारों पर लिखें कि आईएएस अधिकारी बनना है, तो प्रतिदिन इसे देखकर मन में विश्वास जागृत होगा कि मन में जो संकल्प लिया है, वह पूरा करना है। उन्होंने यूपीएससी 2025 में चयनित संजय डहरिया का जिक्र करते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष करते हुए यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना उनकी जीवटता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति का अद्भुत उदाहरण है।

### जुनून एवं जज्बा जरूरी: कलेक्टर श्री यादव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि भारतीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए यह आयोजन किया गया है। यूपीएससी की तैयारी के लिए आज यहां ऐसे युवा अभ्यर्थी मौजूद है, जिन्होंने अपने जुनून एवं जज्बे से अपने सपने को साकार किया है तथा सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की परीक्षा खुबसूरत एवं विभिन्नता लिए हुए है। युवा इस परीक्षा के लिए शिद्दत के साथ मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी हार नहीं मानना चाहिए।



### नियत अच्छी तो ईश्वर भी करेगा मदद: संजय

यूपीएससी 2025 में 946 रैंक प्राप्त करने वाले संजय डहरिया ने बताया कि वे महासमुंद के ग्राम बेलटुकरी के रहने वाले हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होने के बावजूद जीवन में कई चुनौतियों का सामना करते हुए यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की और सफल हुए। एक समय मन में यह भी ख्याल आया की जिंदगी रहेगी कि नहीं। नियत अच्छी रखें तो ईश्वर भी मदद करते हैं, जब हम किसी समस्या को अंदर से जीत लेते हैं, तो बाहर भी जीत जाते हैं।

### डेली रूटीन महत्वपूर्ण : सुश्री वैभवी अग्रवाल

यूपीएससी सीएसई 2025 में 35वां रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए डेली रूटीन महत्वपूर्ण है। जिसके माध्यम से प्रतिदिन की दिनचर्या में हम अपने विचारों को क्रियान्वित कर सकते हैं तथा पढ़ाई को अनुशासन से सही दिशा में ले जा सकते हैं। परीक्षाओं की परिणाममूलक तैयारी से सफलता मिलती है।

### पढ़ाई का सतत विश्लेषण करें : सुश्री सुष्मिता सिंह

यूपीएससी 2025 में 32वां रैंक प्राप्त करने वाले सुश्री सुष्मिता सिंह ने बताया कि सही रणनीति एवं विचार के साथ सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि करेन्ट अफेयर्स के लिए उन्होंने सामाचार पत्र पढ़ना जारी रखा। यूपीएससी के पहले के प्रश्न पत्र को हल करना तथा मॉक टेस्ट मददगार रहे।

### एकाग्रचित होकर करें पढ़ाई: आईजी बालाजी राव

पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव ने कहा कि यूपीएससी की कठिन परीक्षा में एकाग्रचित होकर पढ़ाई करें। आपकी सफलता के पीछे अभिभावक, शिक्षक एवं मित्रों का योगदान होता है। तैयारी के दौरान अनिश्चिता भरे जीवन में दृढ़ इच्छा शक्ति एवं संकल्प आपको मजबूत बनाते हैं और इससे गुजरते जिम्मेदार पदों पर पहुंचते हैं। जिससे दूरदर्शिता पूर्ण निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं।

### प्रतिकूलता में सफल होने वाले ही योद्धा: एसपी शर्मा

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि अनुकूलता में सभी सफल होते हैं, योद्धा वही हैं, जो प्रतिकूलता में सफल होते हैं। तैयारी के दौरान जेहन में यह विचार था कि किसी भी कार्य के लिए कोई न कोई व्यक्ति पहला होता है, तो क्यों न आईपीएस ऑफिसर बनकर पहला मैं बनूं।

### सफलता के लिए बड़ा सोंचे : एसडीएम एम. भार्गव

एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत के साथ-साथ एक्सपोजर और आत्मविश्वास बहुत जरूरी है। पहले प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंचने के बावजूद उनका चयन नहीं हुआ और बाद के प्रयासों में भी उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन निरंतर प्रयास और धैर्य के बल पर उन्हें सफलता मिली।

### योजनाबद्ध तरीके से करें पढ़ाई : सुश्री दर्शना सिंह बघेल

यूपीएससी 2025 में चयनित सुश्री दर्शना सिंह बघेल ने कहा कि सही तरीके से पढ़ाई करने के लिए शार्ट टर्म एवं लांग टर्म प्लान होना चाहिए। आगामी छह माह तक पढ़ाई एवं रीविजन के लिए योजना होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ एवं तनाव मुक्त रहने के लिए विभिन्न गतिविधियों तथा अपने जीवन में हॉबी को अपनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि एक समय पर एक ही कार्य करें।

### निर्णय लेने की योग्यता की परीक्षा : अजय गुप्ता

रायगढ़ के यूपीएससी 2025 में 452 रैंक में चयनित अजय गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर बड़े लक्ष्य हासिल करना संभव है, बशर्ते व्यक्ति में दृढ़ संकल्प, सही दिशा में मेहनत और निरंतर सीखने की इच्छा हो। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी तैयारी को तथ्यों के आधार पर व्यवस्थित करें और समय का उपयोग प्राथमिकताओं के अनुसार करें।

### आत्मविश्वास से मिलती है सफलता: अनुज अग्निहोत्री

यूपीएससी सीएसई 2025 में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले अनुज अग्निहोत्री वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने बताया कि वे डॉक्टर हैं और सिविल सेवा के लिए उन्होंने लगातार तैयारी की और तीसरे प्रयास में सफल हुए और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप इस सेवा में क्यों और कैसे आना चाहते हैं, इसके लिए विचार स्पष्ट होना चाहिए।

### कठिन परिश्रम महत्वपूर्ण : डीएफओ श्री जैन

वनमंडाधिकारी आयुष जैन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वनमंडलाधिकारी वन के संरक्षक होते हैं। यह सौभाग्य की बात है कि मुझे प्रकृति के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिताजी के प्रेरित करने पर आईएफएस की तैयारी की। अपनी इस यात्रा के दौरान कठिन परिश्रम महत्वपूर्ण रहा है।

### अपग्रेड रहकर करें तैयारी : राघव झुनझुनवाला

यूपीएससी सीएसई 2025 में चौथा रैंक प्राप्त करने वाले राघव झुनझुनवाला ने बताया कि वित्तीय समावेशन के लिए कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्य से संतोष मिला और सिविल सेवा के प्रति उनका झुकाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि अनुशासन का चयन करें प्रेरणा का नहीं , क्योंकि प्रेरणा अस्थायी होती है। रियल टाईम में अपने आपको अपग्रेड करते अनुशासन एवं प्रेरित होकर कार्य किया।

### सोच स्पष्ट एवं विकसित होनी चाहिए : दिशांत निसार

यूपीएससी सीएसई 2025 में 19वां रैंक प्राप्त करने वाले दिशांत निसार ने बताया कि सिविल सेवा की तैयारी में अधिक प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। गुजरात के कच्छ जिले से हैं और उन्होंने कौशल विकास तथा कृषि के क्षेत्र में जमीन से जुड़कर कार्य किया। जिससे उन्हें वास्तविक तौर पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद मिली। इस दौरान उन्होंने बहुत कुछ सीखा एवं संभावनाओं की तलाश की।

---

# एनपीपीएस प्ले ग्रुप के लिए शानदार व्यवस्था

**राजनांदगांव।** बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल ( प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक) बच्चों के लिए नए सत्र से बहुत ही शानदार व्यवस्था की गई है। प्ले ग्रुप एवं नर्सरी के बच्चों के लिए नई बिल्डिंग नई आधुनिक व्यवस्थाओं के अनुरूप बनाई गई है। साथ ही बच्चों के लिए प्लेस्टेशन स्थापित किया गया है, जो शहर के स्कूलों में एकमात्र है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि बल्देवबाग स्थित इस स्कूल में प्री प्राइमरी के साथ क्लास एक से आठ तक की कक्षाएं संचालित की जाती है,



जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्राचार्य आरती पिल्लई के मार्गदर्शन में यह स्कूल लगातार नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है। साथ ही पालकों का विशेष सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है। संस्था द्वारा बच्चों को स्कूल लाने, ले जाने हेतु बस सुविधा प्रदान की जा रही है। संस्था दो पालियों में संचालित होती है। जिसमें छात्र अपनी सुविधा अनुसार प्रवेश ले सकते हैं। ज्ञात हो कि राजनांदगांव में प्री प्राइमरी में सर्वाधिक बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल है, जहां लगभग 425 छात्र अध्ययनरत हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के अनुरूप नई बिल्डिंग में 19 नए कमरे बनाए गए हैं। साथ ही 15000 वर्ग फुट के खेल मैदान के साथ शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

# नल कनेक्शन के लिए प्रतिबंध हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी को ध्यान में रखते हर वर्ष अप्रैल माह से 15 जून तक नए नल कलेक्शन लगाने नगर निगम द्वारा प्रतिबंध लगाया जाता है और वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही नल कनेक्शन लेने प्रतिबंध हटाया जाता है। उक्त प्रतिबंध 10 जून से हटा लिया गया है।

नल कनेक्शन प्रतिबंध के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिए इस वर्ष भी अप्रैल से निजी नल कनेक्शन देने प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही हटा लिया गया है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा निजी नल कनेक्शन लेने लगा प्रतिबंध 10 जून से हटाने विधिवत आदेश जारी किया गया है। आयुक्त ने कहा कि जिन्हें निजी नल कनेक्शन लेना है, वे विधिवत राजस्व कर का भुगतान कर लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत नल कनेक्शन लेने नगर निगम में आवेदन कर सकते हैं।

# नवगठित टीम की प्रथम बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला राजनांदगांव की नवगठित टीम की प्रथम बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. निलेश सिंह, सह-संयोजक डॉ. चंद्रेश साहू तथा सह-संयोजक डॉ. हरीशचंद्र साहू के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में जिला एवं ग्रामीण क्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा कोमल सिंह राजपूत को पुष्पगुच्छ भेंट कर संगठन द्वारा प्रदान किए गए दायित्वों के लिए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों के साथ सौहार्द्रपूर्ण चर्चा हुई। बैठक के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक प्रभावी रूप से पहुंचाने, स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा चिकित्सा क्षेत्र में लोगों को आने वाली छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान हेतु विस्तृत चिंतन-मनन किया गया। साथ ही भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा संगठन एवं समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# जवानों के प्रशिक्षण में योग को अपनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रिफ्रेशर कोर्स में आए जवानों के प्रशिक्षण में योग की दिशा में विशेष पहल की गई। इस दौरान दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग एवं ज्ञान को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

आठवीं वाहिनी (भा/र) छसब राजनांदगांव में सेनानी नेहा पांडे के मार्गदर्शन में 19 जून को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के सुरक्षा सेवा प्रभाग माउंट आबू की टीम द्वारा मेडिटेशन के माध्यम से स्वयं की शक्ति को पहचानना, अपने मन को नियंत्रित करना एवं स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के महत्व पर जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही विशेषज्ञ टीम द्वारा यह भी बताया गया कि किस तरह से नियमित मेडिटेशन एवं योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई।



### उत्साह, ऊर्जा का संचार

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों उप सेनानी गंगा उपाध्याय, उप सेनानी सारिका वैद्य, सहायक सेनानी श्री भोई, बीएल ध्रुव, कंपनी कमांडर चंद्रहास गौतम एवं अन्य जवानों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योग एवं ज्ञान का अभ्यास किया। इस आयोजन से जवानों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ तथा उन्होंने अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग एवं ज्ञान को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह आयोजन वाहिनी के अधिकारी-कर्मचारियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ है।

---

## पत्नी के निधन के बाद खुद को संभाला, शिक्षा को बनाया बेटियों के भविष्य का आधार

# माता के निधन के बाद पिता के हौसलों से मिला मुकाम, गौरान्वित कर रही बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

इस धरती पर परिवार के बीच रहकर जो खुद के लिए नहीं जीता है वह पिता है। पिता हमेशा अपने दुखों को भूलकर बच्चों के लिए खुशियां तलाशता है। वह बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है, ऐसे ही एक पिता हैं कुंज बिहारी वाजपेई, जिन्होंने अपनी पत्नी के निधन के बाद खुद को संभाला और अपनी तीन पुत्रियों को भी बेहतर भविष्य भी दिया। उन्होंने अपने संघर्षों के बल पर बेटियों को खूब पढ़ाया, उच्च शिक्षा दिलवाई तकि वे आत्मनिर्भर बन संके और आज उनकी तीनों बेटियां उन्हें गौरांवित कर रही है।

शहर के लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी कुंज बिहारी वाजपेई का जीवन संघर्ष से भरा रहा। वह भिलाई जामुल स्थित सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत थे। छोटी उम्र में ही उनके पुत्र का एक हादसे में निधन हो गया। इसके बाद पत्नी भी चल बसी। पत्नी के देहावसान के बाद तीन बेटियों की जिम्मेदारी उनके कंधे पर आ गई। लेकिन वह टूटे नहीं बल्कि खुद को संभाला और अपनी तीन पुत्रियों को भी अच्छे मुकाम पर पहुंचाया है।





### डॉक्टर, प्रोफेसर और शिक्षिका है बेटियां

केबी वाजपेई ने पत्नी के निधन के बाद अकेले अभिभावक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया, उन्होंने अपने काम के साथ अपनी संतानों की जरूरतों को पूरा किया। उन्होंने अपनी खुशियों को कहीं एक कोने में दबा दिया और बेटियों को बेहतर भविष्य देने जुट गए ।आज उनकी तीन बेटियां डॉक्टर संगीता तिवारी एक विशेषज्ञ चिकित्सक है, पुत्री मनीष मिश्रा शासकीय महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है और उनकी छोटी बेटी मंजरी शर्मा भी शिक्षिका है जो व्याख्याता के पद पर शासकीय स्कूल में कार्य कर रही है।



### पिता के हौसलों से मिली मजबूती

केबी बाजपेई पत्नी के निधन के बाद अपनी तीनों पुत्रियों को उनके भविष्य के लिए शिक्षा को बेहतर आधार बनाया उन्होंने। संघर्षों भरे हालत में भी बेटियों की शिक्षा से लेकर उनके विवाह तक माता और पिता दोनों की जिम्मेदारियां निभाई। बेटियों ने भी पिता संघर्षों से प्रेरणा ली और बेहतर मुकाम हासिल किया। आज केबी वाजपेई भले ही उम्र दराज हो गए हो लेकिन एक पिता का हौसला आज भी मजबूती से अपनी संतानों के साथ खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### अधिक बिजली बिल आने से आम नागरिक परेशान



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण जन अधिक बिजली बिल आने से परेशान नजर आ रहे हैं एक तो लगातार बिजली कटौती से परेशान है ऊपर से बिजली बिल इस माह अधिक आया है जिससे ग्रामीण जन परेशान नजर आते हुए दिख रहे हैं कहीं मीटर की खराबी ना हो इस तरह मन में शंका पैदा होता रहता है अधिक बिजली बिल आने के कारण क्योंकि पहले जो बिल कम था वह अचानक इस बार 400 से 500 आगे बढ़कर आया है जबकि उतना ही उपयोग होता है जितना उपयोग पहले किया करते थे लेकिन इस बार बिजली बिल अधिक मात्रा में आने से और अधिक बोझ पड़ रहा है फिर सरकार के द्वारा दिया गया 200 यूनिट का बिल जुड़ा हुआ है उसके बाद भी अधिक मात्रा में बिल आ रहा है, जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार था तब 400 यूनिट फ्री मिलता था उस समय किसानों को बिजली बिल से काफी राहत मिल रहा था लेकिन अधिक बिजली बिल आने के कारण किसान परेशान नजर आ रहे हैं ।

### गिरधारीकापा के बृजमोहन का अग्निवीर में चयन



**कोलेगांव।** ग्राम गिरधारीकापा के युवा बृजमोहन यादव ने कई असफलताओं के बावजूद हार नहीं मानी और भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में सफलता हासिल की है। रायपुर की ओसन एकेडमी से तैयारी करते हुए उन्होंने फिजिकल परीक्षा में 100 में 100 अंक तथा लिखित परीक्षा में 80 से अधिक अंक प्राप्त किए।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडा से शिक्षित बृजमोहन ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और फिजिकल टीचर फनेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन को दिया है।

### NAME CHANGE OF A MINOR

I, Ramesh Kumar Maravi S/o Buddha Singh Maravi R/o-H NO 142, WARD NO 11, Kukdur, PO. Kukdur, DIST. Kawardha, Chhattisgarh-491559 have change the name of my minor son Sahil Kumar Maravi aged 16 Years and he shall hereafter be known as Birendra Kumar.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Ramesh Kumar Maravi
[Signature of Guardian]

### नेउरगाँव खुर्द में ग्रामीणों ने पेश की आपसी एकता की मिसाल- उप मुख्यमंत्री

# भारत माता की प्रतिमा व भव्य शहीद स्मारक परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम नेउरगाँव खुर्द में भारत माता की प्रतिमा एवं भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की एकजुटता, देशभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना की सराहना करते हुए कहा कि नेउरगाँव खुर्द ने पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है।

वही गाँव के हर घर से हुआ सहयोग उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शहीदों के त्याग और बलिदान को स्मरणीय बनाए रखने के लिए ग्रामीणों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता का अनुकरणीय उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक परिसर के निर्माण की शुरुआत उनकी विधायक निधि से प्रदत्त 3.50 लाख रुपए की राशि से हुई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसे केवल एक निर्माण कार्य न मानकर अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक बना दिया। इसके लिए गाँव के हर घर से कुछ ना कुछ सहयोग प्रदान किया गया और ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और जनभागीदारी से स्वयं चंदा एकत्र कर लगभग 10 लाख रुपए की लागत से शहीद स्मारक का निर्माण कराया।





### नई पीढ़ी को मिलेगी देश के वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस कार्य की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि गाँव का सामूहिक प्रयास सामाजिक एकता, सद्भाव और राष्ट्रभक्ति की उत्कृष्ट मिसाल है। ऐसे कार्य नई पीढ़ी को देश के वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, रामकिंकर वर्मा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी जन्मदिवस पर मनाया सेवा दिवस




- मरीजों को फल देकर लम्बी उम्र व स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के तत्वावधान में मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अगुवाई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सेवा ही धर्म है का संदेश दिया है। उनके जन्मदिवस पर पुष्प व केक काटने के बजाय मरीजों की सेवा कर हम उनके विचारों को धरातल पर उतार रहे हैं। अस्पताल में भर्ती लोगों को फल देना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि राहुल दीर्घायु हों और देश की सेवा करते रहें। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के संघर्ष, संविधान रक्षा व किसान-मजदूर हितों के लिए किए जा रहे कामों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राहुल के भारत जोड़ो के संदेश को पंडरिया का कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़ाएगा।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के परिवार जन उपस्थित रहें जिसमे मनीष शर्मा,गौतम शर्मा गुरुदत्त शर्मा, आनन्द सिंह, खोवाराम भास्कर,संजू तिवारी, रामकुमार गायक वाड ,शिवगायकवाड, लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेन्द्र गुप्ता, राजेंद्र यादव, सुनील ठाकुर, राजकिरण ठाकुर, श्यामू धुलिया, चंद्रभान टंडन, मुकेश सावरा, योगेन्द्र साहू, धनसिंग पात्रे, विनोद यादव, प्रदीप यादव वीरेंन्द्र चंद्राकर, अर्जुन साहू, तुकेस्वर साहू ,तुलसी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के लोग उपस्थित रहे। सभी ने मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# बारिश से पहले नगर में सफाई अभियान तेज, नालियों की सफाई पर विशेष जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पंचायत पांडातराई ने नगर में साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। नगर पंचायत की बैठक में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि बारिश से पहले नगर की सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को जलभराव और गंदगी की समस्या का सामना न करना पड़े।

विधायक ने कहा कि जिन स्थानों पर पानी भरने की समस्या रहती है, वहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही नगरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, सभापति रामू पांडे एवं पार्षदों की उपस्थिति में स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लंबे समय से जमा कचरे के ढेरों को हटाकर उनका वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अमले को निर्देशित किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा वर्षा ऋतु पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएं।

### जलभराव वाले क्षेत्रों पर रहेगी विशेष नजर

बारिश के दौरान किसी भी वार्ड में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए नगर पंचायत ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। नालियों से गाद और कचरा हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालियों की सफाई पूरी कर ली जाएगी, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने पर पांडातराई में प्रबुद्धजन सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित



**पांडातराई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोंदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पांडातराई नगर में प्रबुद्धजनों एवं वरिष्ठजनों के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठजनों और प्रबुद्ध नागरिकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अवधि में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने वरिष्ठजनों से आत्मीय भेंट कर उनके अनुभवों और सुझावों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, मंडल महामंत्री रविशंकर चंद्रवंशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री अमित चंद्रवंशी सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वेयरहाउस के सामने खंडहरनुमा भवन में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

- जर्जर भवन में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, मगरदा में फैली सनसनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के रायपुर रोड स्थित ग्राम मगरदा में शनिवार को एक जर्जर भवन के भीतर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार वेयरहाउस के सामने स्थित एक खंडहरनुमा भवन में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर उसके मृत होने की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने मार्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृत व्यक्ति कौन है, कहां का रहने वाला है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### हर पहलू में की जा रही है जांच

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस भवन में शव मिला है, वह लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है और वहां लोगों का आना-जाना बेहद कम रहता है। ऐसे में अज्ञात शव मिलने की घटना ने ग्रामीणों को हैरान कर दिया है। कोतवाली पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी सूचना भेजी गई है ताकि मृतक की पहचान हो सके। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जांच पूरी होने के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।

# भावना ने कुण्डा में किया सघन जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के उत्कृष्ट एवं पंडरिया के लोकप्रिय विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कुण्डा में सघन जनसंपर्क कर ग्रामवासियों एवं प्रबुद्धजनों से भेंट मुलाकात की शुक्रवार को विधायक भावना बोहरा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं 12 साल के गौरवशाली कार्यकाल के उपलक्ष्य में ग्राम कुण्डा में जनसंपर्क कर प्रबुद्धजनों एवं वरिष्ठजनों से आत्मीय भेंट मुलाकात कर कुशल क्षेम जानकार सीधा संवाद किया एवं उनका सम्मान किया। मोदी के 12 साल के स्वर्णिम कार्यकाल के तहत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा द्वारा 5 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे इसी तारतम्य विधायक भावना बोहरा 19 जून को कुण्डा में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से रूबरू हुई एवं प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया। वही श्रीमती बोहरा ने प्रबुद्धजन ज्योतिषाचार्य पण्डित बालकृष्ण शर्मा लक्ष्मण चंद्राकर श्रीमती चरनजीत कौर खनुजा दयाराम टंडन चैतराम साहू रतन यादव रिटायर्ड शिक्षक सुधाराम साहू का उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुष्पगुच्छ श्रीफल साल एवं फल भेंट कर किया सम्मान।

### मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है -भावना बोहरा

भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष भारत के स्वर्णिम कार्यकाल और अभूतपूर्व उपलब्धियों को सांझ करते हुए कहा मोदी की अगवाई में देश हर क्षेत्र में क्रांतिकारी रूप से आगे बढ़ रहा है मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जम्मू और कश्मीर के लिए संविधान में अनुच्छेद 370 के तहत विशेष प्रावधान को खत्म कर दिया इससे जम्मू और कश्मीर को मिला विशेष दर्जा हमेशा के लिए खत्म हो गया। श्रीमती बोहरा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में ऐतिहासिक संविधान संशोधन विधेयक पास कराकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम। लागू कर इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ओम यदु विकास पाण्डेय संतोष चंद्रवंशी रामकुमार चंद्राकर महामंत्री मनहरण साहू ध्वजाराम चन्द्राकर कृष्णा चंद्राकर सूरज यादव निलेश गुप्ता रमन खनूजा देवेंद्र चंद्रवंशी गणेश सोलंकी साहेब लाल सोनवानी पुरुषोत्तम निर्मलकर अश्वनी यदु शशांक शर्मा फिरतू साहू रामनाथ चंद्राकर रामफल यादव लव साहू पन्ना साहू गोविंद साहू परमेश्वर साहू ज्वाला यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### भर्ती सूचना

कार्यालय आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित चतरी पं. क्र. 298 द्वारा लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के 01 पद पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए लागू कर्मचारी सेवानियम 2018 के अनुसार भर्ती हेतु सूचना पत्र दिनांक 12/06/2026 को जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 12/06/2026 से दिनांक 22/06/2026 तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 05.00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।
विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से संपर्क करें ।
**पद**- लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, **वेतन** - 10938-375 (अन्य भत्ता)
**शैक्षणिक योग्यता**- (10+2) हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन ।
**आयु वर्ग**- 18 से 35 वर्ष के बीच ।
**टिप**- 01. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट की पात्रता राज्य शासन के नियमों के अनुसार होगी। 02. सोसायटी के कार्यक्षेत्र के आवेदक/अभ्यर्थी तथा समिति स्तर पर अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।

समिति प्रबंधक
आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित
चतरी पं.क्र. 298 वि.ख. पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

# भावना ने सुधाराम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



पंडरिया विधानसभा की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कुंडा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक राज्यपाल पुरस्कृत सुधाराम साहू को श्रीफल, साल एवं फल टोकरी भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इस अवसर पर हम समाज के उन प्रबुद्ध जनों का सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने अपना जीवन शिक्षा और संस्कार देने में समर्पित किया। सुधाराम साहू ने गुरु-शिष्य परंपरा को जीवित रखते हुए सैकड़ों विद्यार्थियों का जीवन संवारने का कार्य किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सुधाराम साहू ने विधायक एवं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है और गुरु के रूप में राष्ट्र निर्माण में उनका भी छोटा सा योगदान रहा है, यह उनके लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर भाजपा मंडल कुण्डा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत कुंडा के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पल्स पोलियो अभियान 28 जून को

कवर्धा। जिला कबीरधाम में पल्स पोलियों अभियान 28 जून 2026 रविवार को आयोजित होने जा रहा है। इस दिन निर्धारित पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो टीके की खुराक पिलाई जाएगी। छुटे हुए बच्चों को 29 एवं 30 जून 2026 को घर-घर भ्रमण कर पोलियो दवा की खुराक पिलाई जावेगी। विभागीय जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, स.लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चो को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है।

# भटकाव की राह पर वनांचल की आदर्श संस्था, सेवा के नाम पर धन संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

अविभाजित बिलासपुर और कबीरधाम जिलों के वनांचलो में कभी वनवासियों की सच्ची सेवा, भारतीय संस्कृति, संस्कार और कड़े अनुशासन का पर्याय रही एक प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था आज अपने अस्तित्व और साख के गंभीर संकट से जूझ रही है।

कभी आम जनता से लेकर प्रशासनिक गलियारों तक आदर्श मानी जाने वाली यह संस्था आज स्थानीय लोगों के आक्रोश और विवादों के केन्द्र में है। ग्रामीणों का आरोप है कि निहित स्वार्थों के चलते संस्था पर बाहरी तत्वों का कब्जा हो चुका है, जिससे यह अपने मूल उद्देश्यों से भटक कर पतन की ओर अग्रसर है। अंचल के बुजुर्गों और प्रबुद्ध जनों के अनुसार, आदिवासी शिक्षा और कल्याण के नाम पर स्थापित यह संस्था अब केवल शासकीय अनुदानों और सामाजिक दान के बल पर शिक्षा व संस्कार विहीन शिक्षण केंद्रो के जरिए समाजसेवा का दिखावा कर रही है।

राजनेताओं के संरक्षण में फल-फूल रही इस संस्था का धरातल पर वनवासियों से जुड़ाव अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। स्थिति यह है कि जिस संस्था के आयोजनों में कभी हजारों वनवासी स्वस्फूर्त खिंचे चले आते थे, आज उसे अपने मुख्यालय में 100 लोगों की भीड़ जुटाने के लिए भी राजनेताओं के चेहरों या नाच-गाने जैसे मनोरंजन का सहारा लेना पड़ रहा है।

### पिछले 15 वर्षों के कार्यों पर श्वेत पत्र की चुनौती

संस्था के स्वर्ण काल को देख चुके अंचल के दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों ने वर्तमान प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने संस्था को खुली चुनौती देते हुए दो टूक सवाल किए हैं। बीते 15 वर्षों में संस्था ने वनवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, संस्कृति रक्षा और धर्मांतरण रोकने के लिए धरातल पर कौन सा ठोस कार्य किया है, इसका ब्यौरा सामने लाया जाए। संचालकों में यदि साहस है, तो वे बिना किसी राजनेता और बिना नाच-गाने के, केवल अपने नाम और काम के दम पर एक आयोजन करके दिखाएं उनकी वास्तविक लोकप्रियता और जनसमर्थन की पोल खुलकर सामने आ जाएगी।




### बीते डेढ़ दशक में वनवासी सेवा का मुखौटा ओढ़े है संस्था

बीते डेढ़ दशक में वनवासी सेवा का मुखौटा ओढ़े इस संस्था की सामाजिक गतिविधि पूरी तरह शून्य हो चुकी है। कुछ लोगों की जेबी संस्था बन चुकी यह संस्था अब केवल स्कूल-छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या के आधार पर दान-अनुदान बटोरने में व्यस्त है। वनांचल के लोगों से संवाद टूटने का नतीजा यह हुआ कि पूरे क्षेत्र में ईसाई मिशनरियों का जाल फैल चुका है और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल चल रहा है। संस्था के इस वैचारिक और नैतिक पतन से पूरे क्षेत्र के शुभचिंतकों और स्थानीय वनांचल वासियों में भारी निराशा और तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

### मिशनरियों को मिला खुला मैदान खतरे में मूल संस्कृति

इस संस्था का गठन मूल रूप से वनवासियों को शिक्षा-स्वास्थ्य से जोडने, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने और उन्हें ईसाई मिशनरियों के धर्मांतरण के कुचक्र से बचाकर मूल संस्कृति मंच बनाए रखने के लिए किया गया था। शुरुआती 30 वर्षों तक संस्था ने इस मोर्चे पर बेहतरीन काम किया, जिसके कारण मिशनरियां पैर नहीं पसार सकीं। लगातार बीस वर्षों तक निः शुल्क नेत्र शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वनवासी सम्मेलन के अलावा ग्राम संपर्कों के जरिए अंचल के प्रत्येक परिवार से नाता जोड़ कर कार्य करने का ही नतीजा था कि उस दरमियान न कहीं चर्च बन सका और न कहीं चंगाई सभा हो सकी।

---

**कार्यवाही: रेंगाखार जंगल थाना में केंद्र प्रभारी समेत तीन पर अपराध दर्ज**

# ग्राम बम्हनी धान खरीदी केंद्र में 77 लाख से अधिक का कथित घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के बम्हनी धान खरीदी केंद्र में करीब 77 लाख रुपये के कथित धान घोटाले का मामला सामने आया है। प्रशासनिक जांच में धान के भंडारण, परिवहन और ऑनलाइन रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद रेंगाखार थाना पुलिस ने केंद्र प्रभारी समेत तीन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले के उजागर होने से जिले की धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, धान खरीदी केंद्र में भंडारित धान और उसके परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच के दौरान कई गंभीर विसंगतियां सामने आईं। जांच दल ने पाया कि कागजों में राइस मिलों को लगातार डिलीवरी ऑर्डर जारी किए जाते रहे, जबकि वास्तविक स्थिति संदिग्ध पाई गई। आरोप है कि करीब चार महीने तक ऑनलाइन सिस्टम में धान के उठाव की एंट्री दर्ज कराई जाती रही, जिससे रिकॉर्ड में दर्ज स्टॉक और वास्तविक भंडारण के बीच बड़ा अंतर उत्पन्न हो गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि खरीदी केंद्र की क्लोजिंग रिपोर्ट पर संबंधित नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर तक नहीं थे। इसके बावजूद आवश्यक सत्यापन और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी किए बिना ऑनलाइन मॉड्यूल के जरिए धान जारी होने की एंट्री लगातार दर्ज होती रही।

### शासन को लगभग 77 लाख रुपये की आर्थिक क्षति



जांच अधिकारियों का मानना है कि इस लापरवाही और कथित हेराफेरी के कारण शासन को लगभग 77 लाख रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। शिकायत और जांच प्रतिवेदन के आधार पर रेंगाखार थाना पुलिस ने केंद्र प्रभारी सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस कथित घोटाले में अन्य व्यक्तियों की भी संलिप्तता रही है या नहीं। मामले के सामने आने के बाद जिले की धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता, निगरानी तंत्र और जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# रामपुर-ठाठापुर में लिंक कोर्ट व छात्रावास में सीट वृद्धि की मांग

- ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्राम रामपुर-ठाठापुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने रामपुर-ठाठापुर में लिंक कोर्ट की स्थापना तथा आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास में सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 करने की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि कार्यालय कलेक्टर, जिला कबीरधाम के पत्र क्रमांक 7203 दिनांक 28 अगस्त 2025 के अनुसार ग्राम रणवीरपुर तथा ठाठापुर में लिंक कोर्ट प्रारंभ किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत रणवीरपुर में लिंक कोर्ट की स्थापना हो चुकी है, लेकिन रामपुर-ठाठापुर में भवन उपलब्ध होने के बावजूद अब तक कोर्ट शुरू नहीं किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि लिंक कोर्ट के अभाव में क्षेत्र के विद्यार्थियों को जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण-पत्रों से संबंधित कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसानों को बंटवारा, नामांतरण तथा राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए रामपुर-ठाठापुर में शीघ्र लिंक कोर्ट स्थापित किया जाए।

इसके अलावा ग्रामीणों ने रामपुर-ठाठापुर में संचालित आदिवासी बालक एवं बालिका छात्रावास की सीट क्षमता बढ़ाने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में छात्रावास में 50-50 सीटों पर बच्चों का संचालन किया जा रहा है, जबकि निर्मित भवन में 100 विद्यार्थियों के रहने की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के अनेक गरीब एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं छात्रावास सुविधा से वंचित रह जाते हैं। यदि सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 कर दी जाए तो बड़ी संख्या में जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा और बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सकेगा।

ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से दोनों मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कराने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि लिंक कोर्ट की स्थापना और छात्रावास में सीट वृद्धि से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक एवं शैक्षणिक सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

---

# अवैध मुरुम उत्खनन पर जेसीबी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने ग्राम आसरा के समीप नहर क्षेत्र में अवैध मुरुम एवं मिट्टी उत्खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर जब्त किया है।

प्राप्त सूचना के आधार पर खनिज विभाग के अमले ने संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि नहर क्षेत्र से बिना वैध अनुमति के मुरुम एवं मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर एक जेसीबी मशीन के माध्यम से खनिज सामग्री निकाली जा रही थी, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में उक्त सामग्री का परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

# गांव चलो-घर घर चलो अभियान में बोदा 47 के सरपंच सहित कई भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के रेंगाखार मंडल में बीते शुक्रवार को भाजपा के गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया, विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ और बोदा-47 ग्राम पंचायत के सरपंच सहित कई ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

रेंगाखार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं ग्राम बोदा-47 में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

यहां नवीन सड़क निर्माण, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं सामुदायिक भवन जैसे कार्यों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं कई ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंडल पदाधिकारियों ने गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

ग्राम उसरवाही में भाजपा के गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत जनसंपर्क किया गया। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भी संपर्क किया गया।

### युवाओं एवं स्वच्छता दूतों का किया गया सम्मान



ग्राम खारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान से जुड़े युवाओं एवं स्वच्छता दूतों का सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर प्रत्येक शुक्रवार को गांव में स्वच्छता अभियान चलाते हैं। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल,मंडल प्रभारी परेटन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, राजकुमार मेरावी, मंडल अध्यक्ष गजानंद यादव, महामंत्री भरत पटेल, कपूरचंद ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# शिविर का कलेक्टर वर्मा ने किया निरीक्षण, ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित विश्वास के 12 साल-विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत कबीरधाम जिले में आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर के दूसरे दिन कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा स्थित वीर सावरकर भवन पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के पंजीयन, आवेदनों के निराकरण एवं हितग्राहियों को त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, मुकेश ठाकुर सहित पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों, उनके प्रकार तथा निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**आदिमजाति सेवा सहकारी कार्यालय के सामने अव्यवस्था का अंबार**

# बेतरतीब कार्यप्रणाली से अंचल के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कहते हैं देश का विकास किसानों के कंधों पर टिका है, लेकिन आज बोड़ला के आदिमजाति सेवा सहकारी समिति वार्ड नंबर 10 में किसानों को खुद अपने कंधों पर भारी-भरकम खाद की बोरियां लादकर मौत के कुएं जैसी स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। खेती-किसानी का पीक सीजन शुरू हो चुका है। खेतों में पसीना बहाने वाला किसान आज खाद-यूरिया के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन यहाँ का प्रशासनिक अमला और ठेकेदार मिलकर किसानों की पीठ पर दोहरी मार मार रहे हैं।

सहकारी कार्यालय के ठीक सामने नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि यह निर्माण कार्य किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि सीधे तौर पर ठेकेदार की सहूलियत और मर्जी के मुताबिक किया जा रहा है। हालात देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो इस रसूखदार ठेकेदार के आगे पूरा प्रशासनिक अमला बौना साबित हो चुका है। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि क्या प्रशासन को यह समझ नहीं आया कि खेती का सीजन आ चुका है और इस वक्त सहकारी कार्यालय के पास सबसे ज्यादा भीड़ होगी? क्या इस हिस्से का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर पहले पूरा नहीं किया जा सकता था, ताकि किसानों को सुचारू रास्ता मिल सके?

### सिर पर 50 किलो का वजन और नीचे गड्ढा



वर्तमान में स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि किसानों को गोदाम से यूरिया और खाद की भारी बोरियां अपने सिर और कंधों पर लादकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ रहा है। बीच में खुदी हुई अधूरी नाली किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। भारी वजन के साथ उस गहरी नाली को लांघना किसी खतरे से कम नहीं है। अगर इस दौरान किसी किसान का पैर फिसला या संतुलन बिगड़ा, तो किसी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अफसोस, अन्नदाता की इस जानलेवा जद्दोजहद को देखने के बाद भी जिम्मेदार मूकदर्शक बने बैठे थे।

### तीखे सवालों के बाद जागा प्रशासन, दिए गए कड़े निर्देश

किसानों की इस बेहद गंभीर और जानलेवा समस्या को लेकर जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव प्रधान से सवाल किए गए और धरातल की हकीकत से रूबरू कराया गया, तब जाकर सोया हुआ प्रशासन हरकत में आया। सवालों के घेरे में आने के बाद सीएमओ ने मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल ठेकेदार को फटकार लगाते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने का आदेश जारी किया। मामले की जानकारी मिलते ही ठेकेदार को तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। किसानों को खाद और यूरिया ले जाने में कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

---

# एसपी ने नक्सल प्रभावित रहे गांवों में किया रात्रि प्रवास, लोगों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले में पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा से लगे पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने ग्राम लाछा, मराडबरा, उमरझोला, सोनवाही, बंदूकुंदा एवं सिलहरी पहुंचकर ग्रामीणों और विशेष रूप से बैगा समुदाय के लोगों के बीच रात्रि प्रवास किया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को करीब से जाना। दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक ने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने गांव के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास और बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया।